झारखण्ड सरकार

झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

पत्रांक :– रा0खा0आ0 (शि0) 10/2022– 19

प्रेषक,

संजय कुमार
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

सेवा में,

प्रधान सचिव
खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग,,
झारखण्ड, राँची।

राँची, दिनांकः– 05/01/2023

विषयः– **जामताड़ा जिला के कार्डधारियों के बीच प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अन्तर्गत माह दिसम्बर में खाद्यान्न का वितरण नहीं किये जाने के सम्बन्ध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में निदेशानुसार कहना है कि जामताड़ा जिले के 32 हजार कार्डधारियों को माह दिसम्बर, 2022 में खाद्यान्न नहीं मिलने सम्बन्धी समाचार–पत्र के कतरन की प्रति आयोग को प्राप्त हुआ है। प्रकाशित समाचार के अनुसार सम्बन्धित एस0एफ0सी0 गोदाम मैनेजर द्वारा इसका कारण कम आवंटन मिलना बताया गया है।

अतः प्राप्त समाचार–पत्र के कतरन की प्रति इस पत्र के साथ संलग्न कर आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित की जा रही है। अनुरोध है कि उपरोक्त मामले में लाभुकों को माह दिसम्बर से सम्बन्धित खाद्यान्न उपलब्ध कराने हेतु सम्बन्धित को अपने स्तर से निदेशित करने की कृपा की जाय।

अनुलग्नकः– यथोक्त।

विश्वासभाजन

5/1/23

(संजय कुमार)
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

E:\Ziyaul\Vinod Sir\Letter.docx258

Mo.No.- 9431518579 Date- 02-01-2023 WA/003/2023 (119)

संचिका में उपस्थापित करें।
Sd/-
3.1.23

हिन्दुस्तान

32 हजार कार्डधारियों को नहीं मिला दिसंबर में खाद्यान्न

- आहार पोर्टल पर अगस्त महीने के खाद्यान्न वितरण अद्यतन नहीं
- 32 हजार कार्डधारक को अगस्त का खाद्यान्न अक्टूबर में दिया गया

जामताड़ा। जिले के 32 हजार राशन कार्डधारियों के बीच प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) अन्तर्गत दिसंबर महीने का खाद्यान्न का वितरण नहीं हो पाया है। चुंकि विभाग के आहार पोर्टल पर अगस्त महीने के खाद्यान्न वितरण अद्यतन नहीं हो सका था। चुंकि डोर स्टेप डिलेवरी के तहत पीएमजीकेएवाई का खाद्यान्न जामताड़ा, नारायणपुर एवं नाला प्रखंड के 115 पीडीएस दुकानों तक विलंब से पहुंचा था। इस कारण अगस्त महीने के खाद्यान्न का वितरण अक्टूबर में किया गया था। वही अक्टूबर में खाद्यान्न वितरण के बाद भी आहार पोर्टल पर अगस्त महीने का वितरण शून्य अंकित है। आहार पोर्टल पर विभागीय तकनिकी गड़बड़ी का खामियाजा पीडीएस दुकानों व राशनकार्डधारियों को भुगतना पड़ रहा है।

जिला फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष मोहन भैया व मीडिया प्रभारी देव कुमार साव ने कहा कि 115 दुकानों को दिसंबर महीने का खाद्यान्न नहीं मिलने पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी को लिखित जानकारी दी गई है। उनसे मांग की गई है कि अविलंब आवंटन सुधार कराया जाए। ताकि लाभुकों एवं डीलरों के बीच मनमुटाव एवं मतभेद ना रहे। चुंकि इसमें डीलरों का कोई गलती नहीं है। इधर एसएफसी गोदाम मैनेजर जामताड़ा प्रखंड संतोष कुमार एवं नारायणपुर प्रखंड भगवत मंडल ने बताया कि आवंटन कम आया है। उक्त डीलरों का आवंटन ऑनलाइन प्रक्रियाधीन प्रदर्शित हो रहा है। आवंटन आने पर खाद्यान्न पहुंचाया जाएगा।

क्या कहते है जिला आपूर्ति पदाधिकारी: प्रधान मांझी ने कहा कि दिसंबर महीने के खाद्यान्न का डिमांड भेजा गया है। यह पूरे राज्य का मामला है। अगस्त महीने का आवंटन आहार पोर्टल पर शून्य अंकित था। इस कारण पीएमजीकेएवाई के राशन कार्डधारियों को खाद्यान्न नही मिल पाया है।

[redacted]